दिनांक 20.01.2026 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

# जनवरी में 2 दिन बंद रहेगी मांस–मटन की दुकानें

भिलाईनगर। छत्तीसगढ़ शासन पर्यावरण एवं नगरीय विकास विभाग के आदेशानुसार नगर पालिक निगम, भिलाई सीमा अंतर्गत संचालित पशुवध गृह एवं समस्त मांस, मटन विक्रय की दुकानें 26 जनवरी गणतंत्र दिवस एवं 30 जनवरी महात्मा गांधी पुण्यतिथि के अवसर पर बंद रखी जाएगी। उक्त तिथि को समस्त पशुवध गृह, जीव हत्या एवं समस्त मांस बिक्री केन्द्र को बंद करते हुए शासन के आदेशों का कड़ाई से पालन किया जावे।